उ0प्र0 शासन
नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग।
संख्या– 106/69–1–13–14(104)/2013
लखनऊः दिनांक 27–06–2014

कार्यालय–ज्ञाप

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु राज्य स्तर पर राज्य मिशन प्रबंधन इकाई (एस0एम0एम0यू0) और शहर स्तर पर शहर मिशन प्रबंधन इकाई (सी0एम0एम0यू0) की व्यवस्था है। राज्य मिशन प्रबन्धन इकाई में 06 तकनीकी निशेषज्ञों की नियुक्ति की जायेगी तथा शहर मिशन प्रबन्धन इकाई में जनसंख्या के आधार पर तकनीकी विशेषज्ञों एवं सामुदायिक आयोजको की नियुक्ति की जायेगी। तकनीकी विशेषज्ञों की शैक्षिक योग्यता, कार्य एवं उत्तरदायित्व, भर्ती प्रक्रिया, पारिश्रमिक /मानदेय एवं अन्य सेवा शर्तो का निर्धारण भारत सरकार द्वारा एन0यू0एल0एम0 के उदघटक क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण (Capacity Building and Training) के प्रचलनात्मक दिशा–निर्देशों में विस्तार से किया गया है।

2. तकनीकी विशेषज्ञों का कार्यक्षेत्र:–

तकनीकी विशेषज्ञ अपने–अपने विशेषज्ञता वाले क्षेत्र में विशेषज्ञ सूचनाओं एवं सेवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के क्रियान्वयन में प्रभावी एवं कुशल भूमिका निभाएंगें। मिशन प्रबन्धन इकाई के राज्य एवं शहर के इंचार्ज पदाधिकारी को अपने विषय से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी विशेषज्ञ एक केन्द्रीय व्यक्ति (Key Person) होगा।

राज्य मिशन प्रबंधन इकाई (एस0एम0एम0यू0) के तकनीकी विशेषज्ञ:–

| क्र. सं. | पदनाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | राज्य मिशन प्रबंधक– सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास (State Mission Manager - Social Mobilization & Institution Development) | 1 |
| 2 | राज्य मिशन प्रबंधक– आश्रय और सामाजिक अवस्थापना (State Mission Manager - Shelter & Social Infrastructure) | 1 |
| 3 | राज्य मिशन प्रबंधक– कौशल और आजीविका (State Mission Manager - Skill & Livelihood) | 1 |
| 4 | राज्य मिशन प्रबंधक– वित्तीय समावेश और लघु उद्यम (State Mission Manager - Financial Inclusion & Micro Enterprises) | 1 |
| 5 | राज्य मिशन प्रबंधक– एम0आई0ई0 और एम0ई0 (State Mission Manager - Management of Information System and Monitoring & Evaulvation) | 1 |
| 6 | राज्य मिशन प्रबंधक– एच0आर0 और क्षमता संवर्धन (State Mission Manager - Human Resource & Capacity Building) | 1 |
| | योग | 6 |

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभवः–

| S.N | Position | Education and Experience Particulars | Competencies |
|---|---|---|---|
| 1 | State Mission Manager - Social Mobilisation and Institution | Two year full time Post graduate diploma in Management/ MBA or Masters in any other relevant discipline with 5 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 8 years of experience in Social | The person should be Proficient with MS office; should have acknowledged |

आवश्यक प्रति PD SL/Kaul कोदीयानी।
JD/PD/DrKaul
27/6/14

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Development | Development work with poverty reduction programmes of considerable size and scale | capabilities in partnership management; strong analytical, conceptual and strategic thinking skills; ability to handle large scale planning; handling MIS etc. Experience of working with government institutions will be given preference |
| 2 | State Mission Manager – Shelters and Social Infrastructure | Two year full time Post graduate diploma in Management/ MBA or Masters in any other relevant discipline with 5 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 8 years of experience in poverty reduction programmes involving social development and establishment/ monitoring / maintenance of community infrastructures | |
| 3 | State Mission Manager - Skills and Livelihoods | Two year full time Post graduate diploma in Management/ MBA or Masters in any other relevant discipline with 5 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 8 years of experience in implementation of skill training and placement programmes with considerable size and scale | |
| 4 | State Mission Manager – Financial Inclusion & Micro Enterprises | Two year full time Post graduate diploma in Management/ MBA or Masters in any other relevant discipline with 5 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 8 years of experience in dealing with credit linkages, social security and/or micro enterprises promotion in poverty reduction programmes / financial institutions | |
| 5 | State Mission Manager – HR & Capacity Building | Two year full time Post graduate diploma in Management/ MBA or Masters in any other relevant discipline with 5 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 8 years of experience in staff recruitment, training and capacity building work with state level projects | The person should have, in addition to the above mentioned competencies, acknowledged capabilities in client management; excellent negotiation skills; ability to handle large scale recruitment; developing a theme based capacity building strategy and modules etc. |
| 6 | State Mission Manager – MIS & ME | Two year full time Post Graduate diploma / Masters in Computer Science, M.Sc. (computer science), B.Tech (computer science) or MCA from government recognized institute / university with at least 5 years of experience in designing and implementation of MIS and ME for large development projects, preferably poverty reduction project and full understanding of Data Analysis Technique | The person should have, in addition to the above mentioned competencies, very good documentation skills and should be very good at preparation of reports; Proficient with Project |

| | | | Management software; Database Management systems; website development and management |
|---|---|---|---|

3. शहर मिशन प्रबंधन इकाई(सी0एम0एम0यू0) के तकनीकी विशेषज्ञः–

| शहरों की जनसंख्या मानक | शहरों की संख्या | तकनीकी विशेषज्ञों की संख्या | कुल पदों की संख्या | तकनीकी विशेषज्ञों का पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर | 15 | 4 | 15X4 = 60 | 1 प्रबंधक–सामाजिक विकास और अवस्थापना (Manager-Social Development & Infrastructure)<br>2 प्रबंधक–कौशल और आजीविका (Manager-Skill & Livelihood)<br>3 प्रबंधक–वित्तीय समावेश और लघु उद्यम (Manager-Financial Inclusion & Micro Enterprises)<br>4 प्रबंधक–एम0आई0एस0 और एम0ई0 (Manager-MIS & ME) |
| 3 से 5 लाख की जनसंख्या वाले शहर | 4 | 3 | 4X3 = 12 | 1 प्रबंधक–सामाजिक विकास और अवस्थापना (Manager-Social Development & Infrastructure)<br>2 प्रबंधक–कौशल और आजीविका (Manager-Skill & Livelihood)<br>3 प्रबंधक–वित्तीय समावेश और लघु उद्यम (Manager-Financial Inclusion & Micro Enterprises) |
| 3 लाख से कम जनसंख्या वाले शहर | 63 | 2 | 63X2 = 126 | 1 प्रबंधक–सामाजिक विकास और अवस्थापना (Manager-Social Development & Infrastructure)<br>2 प्रबंधक–कौशल और लघु उद्यम (Manager-Skill & Micro Enterprises) |
| योग | 82 | | 198 | |

4. शैक्षिक योग्यता एवं अनुभवः–

| S.N | Position | Education and Experience Particulars | Competencies |
|---|---|---|---|
| 1 | Manager - Social Development & Infrastructure | Two year full time Post graduate diploma in Management/MBA or Masters in any other relevant discipline with 3 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 6 years of experience in Social Development work with poverty reduction programmes | The person should be Proficient with MS office; strong analytical skills; Experience of working with government institutions will be given preference |
| 2 | Manager - Skills and | Two year full time Post graduate diploma in Management/MBA or Masters in any other | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Livelihoods | relevant discipline with 3 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 6 years of experience in implementation of skill training and placement programmes | |
| 3 | Manager – Financial Inclusion & Micro Enterprises | Two year full time Post graduate diploma in Management/MBA or Masters in any other relevant discipline with 3 years of experience Or Graduate from government recognised institutes with 6 years of experience in dealing with credit linkages, social security and/or micro enterprises promotion in poverty reduction programmes/ financial institutions | |
| 4 | Manager – MIS &ME | Two year full time Post Graduate diploma / Masters in Computer Science, M.Sc. (computer science), B.Tech (computer science) or MCA from government recognized institute/ university with at least 3 years of experience in designing and implementation of MIS and ME for large development projects, preferably poverty reduction project | The person should have, in addition to the above mentioned competencies, very good documentation skills and should be very good at preparation of reports; Proficient with Project Management software; Database Management systems; website development and management |

5. तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति की प्रक्रिया:–

राज्य मिशन प्रबन्धन इकाई एवं शहरी मिशन प्रबन्धन इकाई में तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति वाह्य एजेंसी का चयन कर उसके माध्यम से की जायेगी। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की गाइड लाइन्स में वाह्य एजेंसी के कार्यक्षेत्र, चयन की प्रक्रिया, कार्य की अवधि, पात्रता के मापदण्ड आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। वाह्य एजेंसी का चयन गाइड लाइन्स में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अनुरूप निविदा आमंत्रित कर किया जायेगा। यह चयन गुणवत्ता एवं मूल्य आधारित चयन (क्यू0सी0बी0एस0) पर आधारित होगा जिसके अन्तर्गत तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्राप्त किया जाना अपेक्षित होगा। तकनीकी निविदा के विस्तृत मूल्यांकन के उपरान्त वित्तीय निविदा का परीक्षण कर नियमानुसार वाह्य एजेंसी का चयन किया जायेगा। चयनित वाह्य एजेंसी योग्य एवं उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध कराने हेतु उत्तरदायी होगी। वाह्य एजेंसी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उन्हीं अभ्यर्थियों का चयन किया जाये जो निर्धारित पात्रता एवं योग्यता रखते हो। किसी भी दशा में भर्ती की निर्धारित प्रक्रिया को शिथिल नहीं किया जायेगा। चयनित वाह्य एजेंसी द्वारा योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन–पत्र आमंत्रित करने आदि की विस्तृत प्रक्रिया का पालन किया जायेगा। वाह्य एजेंसी द्वारा मिशन प्रबन्धन इकाई को उपलब्ध कराये गये अभ्यर्थी समर्पित एवं पूर्णकालिक कार्मिक होगें।

वाह्य एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये गये अभ्यर्थियो को साक्षात्कार के माध्यम से राज्य शहरी आजीविका मिशन द्वारा अंतिम चयन किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु शासन द्वारा

निदेशक राज्य शहरी आजीविका मिशन की अध्यक्षता में एक चयन समिति गठित की जायेगी। चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव सम्बन्धी अभिलेखों का परीक्षण करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से संस्तुति की जाएगी। यह समस्त चयन की कार्यवाही मिशन निदेशक, की देख–रेख में पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न होगी। सामुदायिक आयोजकों का चयन भी उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार ही किया जायेगा।

6. तकनीकी विशेषज्ञों की कार्यक्षमता का मूल्यांकनः–

चयनित तकनीकी विशेषज्ञों को प्रारम्भ में दो वर्ष की संविदा पर नियुक्त किया जायेगा तथा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 06 माह की सेवा अवधि परिवीक्षा अवधि होगी। यदि परिवीक्षा अवधि संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो सक्षम अधिकारी द्वारा सम्बन्धित तकनीकी विशेषज्ञ के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जा सकती है जिसके अन्तर्गत कम से कम 01 माह की नोटिस देकर सेवाएं समाप्त भी की जा सकती हैं। राज्य मिशन निदेशक, एवं सिटी प्रोजेक्ट आफिसर द्वारा 02 वर्ष के सेवाकाल के अन्त में तकनीकी विशेषज्ञों के कार्य का पुनर्मूल्यांकन किया जायेगा तथा पुनर्मूल्यांकन के आधार पर ही उनकी संविदा का नवीनीकरण किया जायेगा। संविदा नियुक्ति का प्रारूप मिशन गाइडलाइन्स के साथ संलग्न किया गया है।

7. तकनीकी विशेषज्ञों की सेवा समाप्तिः–

राज्य शहरी आजीविका मिशन/स्थानीय नगरीय निकायों की कार्मिक नीति के अन्तर्गत गम्भीर कदाचरण, संदिग्ध सत्यनिष्ठा तथा नान् परफारमेन्स पाये जाने पर 01 माह की नोटिस के स्थान पर 01 माह का पारिश्रमिक देकर तकनीकी विशेषज्ञों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है।

8. प्रशिक्षण व अन्य क्षमता विकास सहायताः–

मिशन प्रबन्धन इकाई को उच्चगुणवक्ता युक्त टीम बनाने के लिए समय–समय पर तकनीकी विशेषज्ञों एवं टीम के अन्य सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के उपयुक्त प्रशिक्षण संस्थाओं को चिन्हित कर एक पैनल बनाया जायेगा मिशन प्रबन्धन इकाई द्वारा चयनित प्रशिक्षण संस्था के साथ एक एग्रीमेन्ट किया जायेगा जिसमें क्षमता विकास इनपुट (Capicity Building Input) का समावेश किया जायेगा। क्षमता विकास इनपुट के अन्तर्गत इन्डक्शन एवं ओरिन्टेशन प्रशिक्षण के साथ–साथ शैक्षणिक भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण शामिल होगें।

9. सामुदायिक आयोजकः–

शहर स्तर पर गठित शहरी मिशन प्रबन्ध इकाई (सी0एम0एम0यू0) में सामुदायिक आयोजक (सी0ओ0) नियुक्त किये जाने का प्राविधान है। एन0यू0एल0एम0 की गाइड लाइन के अनुसार एक सामुदायिक आयोजक कम से कम 3000 शहरी गरीब परिवारो को आच्छादित करेगा। सामुदायिक आयोजक शहरी गरीबो से निकट और सीधे सम्पर्क में रहेगा तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समस्त लाभो को उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करेगा। सामुदायिक आयोजक के कार्य एवं दायित्व शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव, पारिश्रमिक तथा भर्ती की प्रक्रिया आदि का विस्तृत विवरण क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण उपघटक के दिशा–निर्देशों में किया गया है।

10. सामुदायिक आयोजक (सी0ओ0) की शैक्षिक योग्यता एवं कार्य अनुभव, कार्य क्षेत्र, मुख्य उत्तरदायित्व निम्नवत् होगाः–

कार्य क्षेत्रः–

1. सी0ओ0 को प्रारम्भ में संविदा पर दो वर्ष के लिए रखा जायेगा जिसकी संविदा प्रत्येक दो वर्ष पर कार्य मूल्याकंन (Performance appraisal) के आधार पर बढायी जायेगी।
2. सी0ओ0 सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, के अधीन कार्य करेगा तथा उसे या उसके द्वारा नामित अधिकारी को सीधे रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।
3. सी0ओ0 को क्षेत्रीय भाषा तथा अंग्रेजी भाषा में लिखने एवं बोलने पर अच्छा नियन्त्रण होना चाहिए।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभवः–

1. सी0ओ0 की शैक्षिक योग्यता किसी भी वर्ग में इण्टरमीडिएट (10+2) होगी।
2. सी0ओ0 के पद के लिए सामाजिक विकास के कार्यो में लोगो के साथ कार्य करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिये। साथ ही साथ कम्प्यूटर एम0एस0 आफिस– (वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइंट, आदि) पर प्रवीण होना अपेक्षित होगा।
3. यदि पूर्व में रखे गये सी0ओ0 उक्त मानक पूर्ण कर रहें हो तो उनको चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।

कार्य एवं उत्तरदायित्वः–

1. सी0ओ0 अपने कार्य क्षेत्र में शहरी गरीबों हेतु सामाजिक गतिशीलता (Social Mobilization) का कार्य करेगा और एन0यू0एल0एम0 समस्त लाभ उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करना।
2. समुदाय को समूह/संघो के गठन में सहयोग करना।
3. अपने कार्य क्षेत्र में मिशन के विभिन्न उपघटकों के क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं देखरेख आदि के कार्य में सहयोग करना।
4. समुदाय स्तर पर अवस्थापना, परिसम्पत्तियों एवं सामाजिक पहलू इत्यादि के व्यापक आंकडों का डेटाबेस विकसित करना और उनको यथासमय अपडेट करते रहना।
5. स्वयं सहायता समूहो (एस0एच0जी0) एवं उनके संघो सहित विकलांग व्यक्तियों के एस0एच0जी0 को सहयोग करते हुए सुदृढ़ बनाना।
6. शहरी गरीबों हेतु सामाजिक गतिशीलता (Social Mobilization) को सुनिश्चित करना।
7. एस0एच0जी0 बैंक लिंकजेज को प्रोत्साहित करना।
8. सरकार के विभिन्न विभागों से अभिसरण (Convergence) हेतु संपर्क स्थापित करना।
9. एन0यू0एल0एम0 संबंधी सर्वेक्षणों में सहायता करना।
10. विकास कार्यो यथा सामुदायिक कार्यो के क्रियान्वयन एवं सामुदायिक परिसंपत्तियों के प्रचालन और रख–रखाव (ओ.एण्ड एम.) इत्यादि में सहयोग करना।
11. अच्छे अभ्यासों (Best Practices) का अभिलेखीकरण करना।
12. आवश्यकतानुसार समुदाय स्तर पर बैठकों और प्रशिक्षण का आयोजन करायेगा एवं उसमे प्रतिभाग करना।
13. मासिक रिपोर्ट तैयार कर जमा करना।

२8

14. सिटी प्रोजेक्ट आफीसर द्वारा समय–समय पर निर्देशित अन्य कार्यों को करना।

11. तकनीकी विशेषज्ञों और की सामुदायिक आयोजक (सी0ओ0) का पारिश्रमिक–

1. राज्य मिशन प्रबंधन इकाई (एस0एम0एम0यू0) में नियुक्त तकनीकी विशेषज्ञों को अधिकतम पारिश्रमिक रू0 75,000/– प्रतिमाह भुगतान किया जायेगा।
2. शहर मिशन प्रबंधन इकाई (सी0एम0एम0यू0) में नियुक्त तकनीकी विशेषज्ञों को अधिकतम रू0 60,000/– प्रतिमाह भुगतान किया जायेगा।
3. तकनीकी विशेषज्ञों को भुगतान किये जाने वाली पारिश्रमिक धनराशि की अधिकतम 40 प्रतिशत की सीमा तक अतिरिक्त धनराशि तकनीकी विशेषज्ञों के यात्रा टी0ए0/डी0ए0 ठहरने एवं भोजन इत्यादि, कार्यालय व्यय, एकाउटेन्ट, डाटाइन्टरी आपरेटर, मल्टी टास्किग ऑफिशियंल्स आदि पर व्यय की जायेगी।
4. 02 वर्ष बाद तकनीकी विशेषज्ञों के पारिश्रमिक दरों को पुनरीक्षित कर अधिकतम 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है।
5. शहर मिशन प्रबन्धन इकाई में रखे जाने वाले सामुदायिक आयोजको (सी0ओ0) अधिकतम पारिश्रमिक रू0 10000/– प्रतिमाह होगा।

12. अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यवाही मिशन निदेशक/निदेशक सूडा द्वारा समयबद्व रूप में सुनिश्चित की जायेगी।

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव

सं–1061 (1)69–1–13–14(104)/2013 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
2 निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0।
3 निजी सचिव, मा0 ग्राम्य विकास मंत्री, उ0प्र0।
4 निजी सचिव, मा0 श्रम व रोजगार मंत्री, उ0प्र0।
5 निजी सचिव, मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उ0प्र0।
6 निजी सचिव, मा0 उद्योग मंत्री, उ0प्र0।
7 निजी सचिव, तकनीकी शिक्षा मंत्री, उ0प्र0।
8 निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0शासन।
9 प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0शासन।
10 सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
11 प्रमुख सचिव/सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
12 प्रमुख सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0शासन।
13 प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन।
14 प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
15 प्रमुख सचिव, श्रम विभाग, उ0प्र0शासन।
16 प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0शासन।
17 प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0शासन।
18 प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0शासन।

19 प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0शासन।
20 प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उ0प्र0शासन।
21 निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
22 मिशन निदेशक, राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
23 गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एच0पी0 सिंह)
संयुक्त सचिव

30

उ0प्र0 शासन
नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग।
संख्या– 1061 / 69–1–13–14(104) / 2013
लखनऊः दिनांक 10 जुलाई, 2014

## शुद्धि–पत्र

कार्यालय ज्ञाप संख्या–1061 / 69–1–13–14 (104) / 2013, दिनांक 27.06.2014 द्वारा राज्य मिशन प्रबंधन इकाई (एस0एम0एम0यू0) तथा शहर मिशन प्रबंधन इकाई (सी0एम0एम0यू0) के तकनीकी विशेषज्ञों एवं शहर प्रबंधन इकाई के सामुदायिक आयोजकों के कार्य क्षेत्र, शैक्षिक योग्यता तथा चयन की प्रकिया संबंधी दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है। उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27.06.2014 के प्रस्तर–5 में तकनीकी विशेषज्ञों एवं सामुदायिक आयोजकों को वाह्य एजेन्सी के माध्यम से रखे जाने की प्रकिया का प्राविधान किया गया है। वाह्य एजेन्सी के माध्यम से रखे गये कार्मिक संविदा पर नियुक्त कार्मिक नही होगे। अतः इसके दृष्टिगत कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27.06.2014 का प्रस्तर–6 "तकनीकी विशेषज्ञों की कार्यक्षमता का मूल्यांकन", प्रस्तर–7 "तकनीकी विशेषज्ञों की सेवा समाप्ति" एवं प्रस्तर–10 (1) "सी0ओ0 को प्रारम्भ में संविदा पर दो वर्ष के लिये रखा जायेगा, जिसकी संविदा प्रत्येक 02 वर्ष पर कार्य मूल्यांकन (Performance appraisal) के आधार पर बढ़ायी जायेगी" को एतदद्वारा विलोपित किया जाता है।

2– उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27.06.2014 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाये, शेष प्राविधान यथावत रहेगें।

श्रीप्रकाश सिंह
सचिव

**संख्याः– 1061 (1)69–1–13–14(104) / 2013 तददिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1 विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
2 निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यकम विभाग, उ0प्र0।
3 निजी सचिव, मा0 ग्राम्य विकास मंत्री, उ0प्र0।
4 निजी सचिव, मा0 श्रम व रोजगार मंत्री, उ0प्र0।
5 निजी सचिव, मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उ0प्र0।
6 निजी सचिव, मा0 उद्योग मंत्री, उ0प्र0।
7 निजी सचिव, तकनीकी शिक्षा मंत्री, उ0प्र0।
8 निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0शासन।
9 प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0शासन।
10 सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
11 प्रमुख सचिव / सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
12 प्रमुख सचिव / सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0शासन।
13 प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन।
14 प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
15 प्रमुख सचिव, श्रम विभाग, उ0प्र0शासन।
16 प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0शासन।

17 प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0शासन।
18 प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0शासन।
19 प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0शासन।
20 प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उ0प्र0शासन।
21 निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
22 मिशन निदेशक, राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
23 समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
24 निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय,उ0प्र0,लखनऊ।
25 समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, उ0प्र0।
26 समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
27 समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी (डूडा), उ0प्र0।
28 समस्त उप नगर अधिकारी, नगर निगम, उ0प्र0।
29 समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ0प्र0।
30 गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एच0पी0 सिंह)
संयुक्त सचिव

32